शुभम् भूयात् मंगलम् भूयात् कल्याणम् भूयात्

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

वर्ष-18 | अंक 05
मई 2025

# पाथेय

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन



# सम्पादकीय

**प्रिय युवा साथियों,**

**सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!**

**प्रातः स्मरणीय परम पावन युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में दिनांक 30 अप्रैल 2025 को डीसा में अक्षय तृतीया का भव्य समारोह आयोजित हुआ। वर्षीतप की साधना में संलग्न 450 तपस्वीगण ने पूज्य प्रवर के पावन सान्निध्य में वर्षीतप का पारणा कर धन्यता का अनुभव किया। पालनपुर, सिद्धपुर, विसनगर, वड़नगर आदि श्रद्धा के क्षेत्रों को स्पर्श करते हुए पूज्य गुरुदेव अहमदाबाद की ओर विहाररत हैं। दिनांक 22 जून 2025 को पूज्य गुरुदेव का अहमदाबाद में मंगल प्रवेश एवं दिनांक 6 जुलाई 2025 को कोबा में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश निर्धारित है।

अभातेयुप द्वारा शाखा परिषदों के लिए स्वीकृत विधान एवं नियमोपनियम के अनुसार सभी शाखा परिषदों के लिए दिनांक 15 मई से 15 जून के मध्य चुनाव/मनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाना अनिवार्य है। चुनाव/मनाव प्रक्रिया के सन्दर्भ में संवैधानिक दिशा-निर्देश सभी शाखा परिषदों के ध्यानार्थ पूर्व पाथेय में जारी किए गये एवं इस अंक में भी जारी किये जा रहे हैं। चुनाव/मनाव हेतु जारी दिशा निर्देशों की पुस्तिका वॉट्सएप ग्रुपों के माध्यम से सभी शाखा परिषदों को भेजी गई है। सभी शाखा परिषदों के अध्यक्ष/मंत्री महोदय से निवेदन है अभातेयुप के दिशा-निर्देशों एवं विधान की अनुपालना करते हुए अपनी शाखा परिषद् की साधारण सदन की दिनांक शीघ्र निर्धारित करें एवं चुनाव/मनाव संबंधी प्रक्रिया प्रारंभ कर उसकी सूचना अभातेयुप संगठन मंत्री श्री अमित सेठिया को उनके मोबाईल नंबर 9824300012 पर प्रेषित करें। अपेक्षित है कि सभी शाखा परिषदें समयबद्ध रूप से चुनाव/मनाव प्रक्रिया प्रारंभ करें और गरिमा के साथ चुनाव/मनाव संपन्न करवाएं। किसी शाखा परिषद् को चुनाव/मनाव के संदर्भ में कोई जिज्ञासा या निर्धारित समय में चुनाव सम्पन्न करवाने में कोई विशेष कठिनाई लग रही हो तो उस शाखा परिषद् के अध्यक्ष, मंत्री या अधिकृत पदाधिकारी अभातेयुप संगठन मंत्री से संपर्क कर सकते हैं। मैं अभातेयुप की ओर से सभी शाखा परिषदों के प्रति मंगलकामना संप्रेषित करता हूं।

सभी परिषदों के मंत्री महोदय से निवेदन है कि अपनी शाखा परिषद का सत्र 2024-25 का अपने कार्यकाल का शाखा प्रतिवेदन भरकर नई टीम को अवश्य सुपुर्द करें। यह शाखा प्रतिवेदन आने वाली नई टीम द्वारा यथासमय अभातेयुप कार्यालय में शाखा मूल्यांकन हेतु प्रेषित किया जायेगा, ताकि आपके द्वारा किए गए कार्यों का अभातेयुप के आगामी वार्षिक अधिवेशन में शाखा मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकन किया जा सके।

युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के 64वें जन्मोत्सव, 16वें पदाभिषेक दिवस एवं 52वें दीक्षा दिवस 'युवा दिवस' पर मैं तेरापंथ धर्मसंघ की सम्पूर्ण युवाशक्ति की ओर से परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी को श्रद्धासिक्त वंदन करते हुए सादर अभिनंदन करता हूं। पूज्य गुरुदेव का सुदीर्घ पावन सान्निध्य और पथ दर्शन युगों-युगों तक मानव जाति के लिये कल्याणकारी बनता रहे।

अप्रैल 2025 में अभातेयुप के निर्देशन/तत्वावधान में शाखा परिषदों द्वारा अनेक कार्यक्रम संपादित हुए, जिनकी संक्षिप्त अवगति पाथेय के इस अध्यक्षीय शीर्षक में एवं विस्तृत अवगति पूरे अंक के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी।

अप्रैल माह में तेयुप राजाजीनगर द्वारा **भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला** का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक संभागीगण की सहभागिता रही।

**आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर** के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित सेंटर्स में अप्रैल माह में 45082 व्यक्तियों ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य परीक्षण सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

**मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव** के अंतर्गत अप्रैल माह में शाखा परिषदों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों में 901 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

**युवा वाहिनी** के अंतर्गत अप्रैल माह में शाखा परिषदों के सैंकड़ों साथियों को पूज्यप्रवर की यात्रा में सेवा और पूज्य सन्निधि का अलभ्य अवसर प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। विभिन्न शाखा परिषदों के साथियों को साधु-साध्वियों की मार्गसेवा के दायित्व निर्वहन का सुअवसर मिला। युवाओं के लिए पूज्यप्रवर एवं चारित्रात्माओं की सेवा का यह अनुपम अवसर होता है।

**आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल** के अंतर्गत दिनांक 05 अप्रैल 2025 को अभातेयुप के निर्देशन में जयपुर में हॉस्टल का शुभारंभ किया गया।

**आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स** के अंतर्गत विभिन्न स्टोर्स में अप्रैल माह में 19980 लाभार्थियों ने औषाधियां सुलभ मूल्य पर क्रय की।

**जैन संस्कार विधि** के अन्तर्गत अप्रैल माह में जन्मोत्सव, नामकरण, विवाह, भूमि पूजन, गृह प्रवेश आदि से सम्बन्धित 148 कार्यक्रम 29 शाखा परिषदों द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पादित हुए।

**आई डोनेशन** के अंतर्गत अप्रैल माह में 31 शाखा परिषदों द्वारा 45 नेत्रदान करवाए गए, जिसमें तेयुप गांधीनगर, बैंगलोर द्वारा सर्वाधिक 4 नेत्रदान करवाए गए।

**व्यक्तित्व विकास कार्यशाला** के अंतर्गत अप्रैल माह में तेयुप विजयनगर एवं तेयुप अहमदाबाद परिषदों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

**कॉन्फिडेंट पब्लिक स्पिकिंग** के अंतर्गत अप्रैल माह में तेयुप काठमांडू, साउथ कोलकाता, गांधीनगर-बैंगलोर, दिल्ली, गंगाशहर एवं जयपुर शाखा परिषदों द्वारा सीपीएस कार्यशाला का आयोजन हुआ। तेयुप विजयनगर द्वारा प्रथम सीपीएस जुनियर का आयोजन किया गया।

**तेरापंथ टास्क फोर्स** के अंतर्गत दिनांक 6 अप्रैल 2025 को जयपुर में नेशनल सर्किट का आयोजन हुआ।

इस प्रकार अभातेयुप के सभी आयाम शाखा परिषदों और युवा साथियों के सहयोग व सहभागिता से सफलतापूर्वक संपादित होते हैं। अपेक्षा है कि संगठन के विकास में सभी शाखा परिषदें, युवा साथी और किशोर निरंतर सहयोगी-सहभागी बनते रहें।

सभी के प्रति मंगलकामनाओं के साथ–

**सदैव आपकी सेवा में**

Ramesh Daga

**रमेश डागा**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# दिशा-निर्देश

- शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण **abtypsecretary@gmail.com** पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के निम्नलिखित QR Code का उपयोग करते हुए संबंधित बैंक खाते में जमा करवाकर उसकी सूचना जमा रसीद की प्रतिलिपि के साथ केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं के **मोबाइल नंबर 8905995001** पर भेजें।
- **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- पचीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

## चुनाव सम्बन्धी सूचना

तेरापंथ युवक परिषद् की सभी शाखाओं में संविधान के अनुसार दिनांक 15 मई से 15 जून तक चुनाव/मनाव करवाने अनिवार्य हैं। समस्त संभाग प्रमुख तेयुप की कार्यसमिति द्वारा चयनित चुनाव अधिकारी नाम, मोबाईल नंबर एवं मेल ID संगठन मंत्री को प्रेषित करें। अभातेयुप सभी परिषदों में संविधान सम्मत चुनाव/मनाव सुनिश्चित करने हेतु आह्वान करती है।

**अमित सेठिया, संगठन मंत्री**

9824300012/apsethia@gmail.com

### अध्यक्ष निर्वाचन प्रणाली

(1) कार्यसमिति की बैठक में चुनाव अधिकारी के नाम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू मानी जायेगी।

(2) अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(3) नवगठित शाखा परिषद् के अध्यक्ष का कार्यकाल 15 माह तक हो सकता है। 15 मार्च के पश्चात यदि परिषद् का गठन हो तो उस वर्ष में मई–जून माह की बजाय अगले वर्ष के मई–जून माह में चुनाव कराए जा सकते हैं। तत्पश्चात अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(4) अध्यक्ष का चुनाव साधारण सदन में बहुमत के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।

(5) अध्यक्ष पद पर कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक नहीं रह सकेगा।

(6) अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का व्यसन मुक्त होना आवश्यक है।

**(7) 31 मार्च तक प्राप्त सदस्यता आवेदन पत्र को 7 अप्रैल तक कार्यसमिति की बैठक आयोजित करवाकर प्राप्त आवेदन पत्र को पारित करवाना होगा। उक्त कार्यसमिति की बैठक तक बने हुए सदस्यों को ही मतदान का अधिकार होगा।**

लेकिन 31 मार्च के बाद भी किसी का सदस्यता हेतु सदस्यता आवेदन पत्र परिषद् को प्राप्त होता है तो उसको कार्यसमिति बैठक में पारित किया जा सकता है परन्तु उस सदस्य को साधारण सदन में वोटिंग का अधिकार नहीं रहेगा।

(8) शाखा परिषद् के सदस्य ही नामांकन पत्र (प्रारूप परिशिष्ट) में प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकते हैं लेकिन वर्तमान अध्यक्ष आगामी कार्यकाल हेतु आवेदित अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का प्रस्तावक या अनुमोदक नहीं होगा।

(9) अध्यक्ष पद हेतु एक सदस्य केवल एक ही व्यक्ति के नाम का प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकता है।

(10) 31 से अधिक सदस्यों वाली परिषद् में अध्यक्ष पद के नामांकन हेतु कम से कम 5 प्रस्तावक व 5 अनुमोदक अनिवार्य रूप से होने चाहिये।

(11) नवगठित शाखा परिषद् के अतिरिक्त अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को स्थानीय परिषद् की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कम से कम दो कार्यकाल अथवा पदाधिकारी के रूप में एक कार्यकाल का अनुभव होना आवश्यक है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्राप्त अनुभव मान्य नहीं होगा।

(12) साधारण सभा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य होगी अन्यथा उनका नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा पर सर्वसम्मत नाम वाले प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं हैं, किन्तु प्रत्याशी की लिखित स्वीकृति अनिवार्य है।

(13) अध्यक्ष के चुनाव करवाने हेतु कार्यसमिति द्वारा एक चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। चुनाव अधिकारी का तेरापंथी होना आवश्यक होगा।

(14) बंद लिफाफे पर नामांकन पत्र अंकित कर उसे चुनाव अधिकारी के कार्यालय या अन्य निर्धारित स्थान पर प्रस्तुत करना होगा। नामांकन पत्र के साथ शाखा परिषद् सदस्यता क्रमांक, जन्म तारीख का प्रमाण (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपी लगाना अनिवार्य है। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा।

(15) अध्यक्ष के चुनाव हेतु निर्धारित तिथि से तीन दिन पूर्व सायं 5 बजे तक प्राप्त नामांकन पत्र ही मान्य होंगे। नामांकन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निर्वाचन की तिथि के बीच पूरे तीन दिन का अंतराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 6 तारीख होगी।

नामांकन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेज के साथ अन्य दस्तावेज जांच के समय अगर चुनाव अधिकारी द्वारा ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा जाये तो अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा। अथवा चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय ले सकेगा।

चुनाव अधिकारी को नामांकन पत्रों की जांच करके अगले दिन सायं 5 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के नामों की सूची परिषद् के अधिकृत सूचना पट्ट पर अंकित करनी होगी।

(16) अध्यक्ष पद का उम्मीदवार चुनाव प्रारम्भ होने से एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक अपना नाम वापिस ले सकता है। निर्वाचन दिवस एवं नामांकन वापिस लेने के बीच पूरे एक दिन का अन्तराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 8 तारीख होगी।

नामांकन पत्र वापस लेने के समय के पश्चात शेष प्रत्याशियों का मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया से मतदान होगा।

(17) अध्यक्ष पद हेतु निर्धारित अवधि तक किसी नाम का प्रस्ताव नहीं आता है तो चुनाव अधिकारी को अधिकार होगा कि साधारण सभा में अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव मांगकर एवं अनुमोदित करवाकर निर्वाचन सम्पन्न करें।

(18) अध्यक्ष के चुनाव के लिए यदि मतदान की आवश्यकता हो तो चुनाव गुप्त मतदान प्रणाली कराया जाएगा।

(19) साधारण सभा की बैठक में कार्य सूची के अन्तर्गत ही अध्यक्ष पद के चुनाव सम्पन्न कराए जायेंगे चुनाव के लिए अलग से कोई अवधि निर्धारित नहीं की जा सकती है।

(20) चुनाव सम्बन्धित विशेष परिस्थिति में चुनाव अधिकारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय देगा, वह निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

(21) किसी सदस्य की उम्र चुनाव तिथि को 45 वर्ष हो गई है तो उसको वोट देने का अधिकार नहीं होगा तथा वह सदस्य आगामी कार्यसमिति का सदस्य व परिषद् द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम का संयोजक व सहसंयोजक नहीं बन सकेगा।

(22) चुनाव अधिकारी को शाखा परिषद् की ओर से अध्यक्ष/मंत्री हस्ताक्षरित सुपुर्द सदस्यता सूची के संदर्भ में अगर किसी सदस्य का नाम उस सदस्यता सूची में नहीं है और वह सदस्य शाखा परिषद् का सदस्य होने का दावा करता है तो उस स्थिति में उस सदस्य को शाखा परिषद् की सदस्यता से सम्बन्धित दस्तावेजों को चुनाव अधिकारी को प्रेषित करना होगा। चुनाव अधिकारी प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच करेगा। जांच में सही पाये जाने पर चुनाव अधिकारी उस सदस्य को साधारण सदन में वोट देने का अधिकार देगा तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उन सदस्यों की सूची दे दी जायेगी।

(23) कार्यसमिति बैठक में चुनाव अधिकारी की नियुक्ति उपरान्त चुनाव अधिकारी मनोनयन पत्र पर चुनाव अधिकारी की स्वीकृति प्राप्तकर सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी को बैठक के उपरान्त 7 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से देनी होगी।

शाखा परिषद् के 5 सदस्य मिलकर चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करवाकर तय स्थान से प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रपत्र मान्य व स्वीकार्य होंगे।

(24) मतदान के समय सभी सदस्यों को अपना पहचान पत्र अवश्य साथ लाना होगा। सदस्य के पहचान पत्र व शाखा परिषद् की सदस्यता सूची में अंकित जन्मतिथि में भिन्नता पाये जाने पर सदस्य के ओरिजनल दस्तावेज पर अंकित जन्मतिथि को चुनाव अधिकारी द्वारा वरीयता दी जायेगी।

# नामांकन पत्र

सेवा में
निर्वाचन अधिकारी
तेरापंथ युवक परिषद्, ............................

## प्रस्ताव

हम तेरापंथ युवक परिषद्, ........... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री ......................सुपुत्र श्री ...................... का नाम प्रस्तावित करते हैं।

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्तावक के हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. ...................................................... | ..................... |
| 2. ...................................................... | ..................... |
| 3. ...................................................... | ..................... |
| 4. ...................................................... | ..................... |
| 5. ...................................................... | ..................... |

## अनुमोदन

हम तेरापंथ युवक परिषद्, ........... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री ......................सुपुत्र श्री ...................... के नाम के उपरोक्त प्रस्ताव की अनुमोदना करते हैं।

| अनुमोदक का नाम | अनुमोदक के हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. ...................................................... | ..................... |
| 2. ...................................................... | ..................... |
| 3. ...................................................... | ..................... |
| 4. ...................................................... | ..................... |
| 5. ...................................................... | ..................... |

## स्वीकृति

मैं .......................................... सुपुत्र श्री ........................ तेरापंथ युवक परिषद्, ......... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान करता हूँ। मैंने वर्ष ....... एवं ....... में तेरापंथ युवक परिषद् .......... के कार्यसमिति में (कम से कम दो पूर्ण कार्यकाल) अथवा वर्ष में .......... पद (कम से कम एक पूर्ण कार्यकाल) के दायित्व निर्वहन किया है। मेरी जन्म तारीख ........ (दिनांक) ........... (महीना) ............ (वर्ष) है। जन्म तारीख प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की प्रतिलिपि संलग्न है।

मैं यह सत्यापित करता हूँ कि मुझे जैन धर्म एवं तेरापंथ सम्प्रदाय की सामान्य जानकारी है तथा मैं सम्पूर्ण रूप से व्यसन मुक्त हूँ।

**उम्मीदवार का पता एवं मोबाईल नं :** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**निर्वाचन अधिकारी का नाम व पता** : ...............................................................

**निर्वाचन अधिकारी की टिप्पणी**

जाँच दिनांक ............................................. नामांकन पत्र वैध/अवैध है।

अवैध घोषित करने के कारण : ............................................................

**नोटः 31 सदस्यों तक की शाखा परिषदों के लिए एक प्रस्तावक एवं एक अनुमोदक की आवश्यकता है।**

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **''मैं हूँ सामायिक साधक''** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| राकेश दक, 9916949115 | दीपक श्रीमाल, 9374674694 |

---

युवकों एवं किशोरों में जैनत्व और अध्यात्म के संस्कार पुष्ट करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अभियान चलाया जा रहा है– **''तपस्या का महायज्ञ-तपोयज्ञ''**। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

त्याग जैन धर्म का आधार है और गुरुदेव का प्रिय विषय है। साथियों, तपोयज्ञ के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का संकल्प लें (निर्धारित जमीकंद : आलू, प्याज, लहसुन, शकरकंद, गाजर, मूली इत्यादि)। सभी अभातेयुप साथी एवं समस्त शाखा परिषदें प्रत्येक गुरुवार जमीकंद त्याग में सहभागी बने। पूरे वर्ष के प्रत्येक गुरुवार के लिए एक ही लिंक प्रेषित की जा रही है। आप अतिशीघ्र लिंक भरकर प्रत्याख्यान ग्रहण करें – https://abtyp.org/tyagi_thursday

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| जितेश पोखरणा, 9001009101 | अमित कांकरिया, 9422092222 |

---

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यश्री भिक्षु के सिद्धांतों, विचारों एव जीवन दर्शन को जानने व समझने की दृष्टि से इस सत्र अभातेयुप के अंतर्गत **''भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला''** का उपक्रम प्रारंभ किया गया है। शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में चारित्रात्माओं के सान्निध्य में कार्यशालाओं का आयोजन करें। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| श्रेयाँस कोठारी, 9772189080 | राकेश पोकरणा, 9902023187 |

**प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल माह में आयोजित भिक्षु दर्शन प्रशिक्षण कार्यशाला**





| दिनांक | सान्निध्य | आयोजक परिषद् | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 06 अप्रैल 2025 | साध्वीश्री संयमलताजी ठाणा-4 | राजाजीनगर | 100+ |

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा-संस्कार-संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। सामाजिक क्षेत्र में सेवा का उद्देश्य भी महत्वपूर्ण है। ''आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर'' अभातेयुप का मानव सेवा को समर्पित महत्वपूर्ण उपक्रम है, जिनमें विभिन्न प्रकार की मेडीकल जांच एवं दंत रोगों का न्यूनतम दरों पर उच्चतम ईलाज किया जाता है। एटीडीसी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

**प्रभारी**
सौरभ मुणोत, 8655690391

**सहप्रभारी**
आलोक छाजेड़, 9739048090

**सहप्रभारी**
ललित मेहर, 9880028999

## देशभर में संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर्स से प्राप्त अप्रैल माह की रिपोर्ट

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Vijaynagar-Bangalore | 2509 |
| Magadi Road-Vijaynagar | 1342 |
| Hampinagar-Vijaynagar | 1974 |
| Kamakshipalya-Vijaynagar | 425 |
| Nagarbhavi-Vijaynagar | 552 |
| Mudalpalya-Vijayanagar | 786 |
| Gandhinagar-Bangalore | 2496 |
| Adugodi-Gandhinagar | 78 |
| Guttahalii-Gandhinagar | 189 |
| R. R. Nagar-Bangalore | 986 |
| Kengeri-R.R.Nagar | 258 |
| HBST-Bangalore | 334 |
| Srirampuram-Rajajinagar | 782 |
| N. S. Road-Mysore | 1000 |
| T. K. Layout-Mysore | 303 |
| Udhna | 3502 |
| Pandesara-Udhna | 254 |
| Bhestan-Udhna | 494 |
| Surat | 968 |
| Someshwaram-Surat | 111 |
| VIP Plaza-Surat | 70 |
| City Centre-Ahmedabad | 453 |
| Subh Complex-Ahmedabad | 242 |
| Amraiwadi Odhav | 131 |
| Bardoli | 461 |
| Puzhal-Chennai | 3366 |
| Purasawalkam-Chennai | 453 |

| Center Name | Patients |
|---|---|
| Triplicane-Chennai | 1047 |
| Redhills-Chennai | 306 |
| Vyasarpadi-Chennai | 449 |
| Bhilwara | 213 |
| Jaipur | 419 |
| Nokha | 362 |
| Gangashahar | 421 |
| Chembur Naka-Mumbai | 513 |
| Tilak Nagar Chembur-Mumbai | 1792 |
| Dombivali-Mumbai | 3656 |
| Koparkhairne-Mumbai | 331 |
| Airoli-Mumbai | 1358 |
| Ulhasnagar-Mumbai | 409 |
| Siliguri | 1677 |
| Purvanchal-Kolkata | 3770 |
| Guwahati | 227 |
| Katihar | 166 |
| Raipur | 949 |
| Ratlam | 2145 |
| Sunam | 353 |
| Sainthia | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| Total | 45082 |

you have, you can...
MEGA BLOOD DONATION DRIVE

रक्तदान के क्षेत्र में विश्व की सबसे अधिक रक्तदाता संस्था होने का गौरव प्राप्त अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् वर्ष पर्यन्त अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **''मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव''** के अंतर्गत रक्तदान शिविरों का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष अभातेयुप अपनी शाखा परिषदों से **"Mega Blood Donation Drive"** पर विशेष जागरूकता दिखाकर अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन करें, ऐसी सुनिश्चितता करने का आग्रह करती है। आपके क्षेत्र के ब्लड ग्रुपवाइज वर्गीकृत डाटाबेस तैयार करें और abtypmbdd@hotmail.com पर प्रेषित करें। एमबीडीडी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

**प्रभारी**
हितेश भांडिया, 9829298364

**सहप्रभारी**
सौरभ पटावरी, 9825141911

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल माह में आयोजित रक्तदान शिविरों का विवरण

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 09-04-25 | TYP Udaipur | 351 |
| 2 | 10-04-25 | TYP Bhilwara | 375 |
| 3 | 10-04-25 | TYP Ratlam | 56 |
| 4 | 13-04-25 | TYP Udhna | 33 |
| 5 | 20-04-25 | TYP Uttar Howrah | 55 |
| 6 | 27-04-25 | TYP Udhna | 31 |
| | | Total | 901 |













**सूचना**

सभी शाखा परिषदें अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, सभी युवा साथी साधुवाद के पात्र हैं। बंधुओं, आप द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी व कृत कार्यों की फोटो पाथेय में प्रकाशित कर रहे हैं जो शाखा परिषदें अपने यहां किए कार्यक्रमों की जानकारी नहीं भेजती है, कृपया भिजवावें। तदर्थ आपसे निवेदन है कि आपके द्वारा

1. जैन संस्कार विधि से आयोजित कार्यक्रम
2. सेवा कार्य/आध्यात्मिक प्रतियोगिता/कार्यशाला आदि
3. रास्ते की सेवा दिन/सप्ताह/मासिक (परिषद् नाम, चारित्रात्मा का नाम, कितने किलोमीटर सेवा, कुल सदस्य)
4. ब्लड डोनेशन कैम्प या तेयुप द्वारा आयोजित अन्य कोई भी कार्यक्रम की रिपोर्ट फोटो सहित माह की अंतिम तारीख तक मेल आईडी abtypsecretary@gmail.com पर मेल करें। अगर आप कार्यक्रम होने के बाद मेल कर देते हैं तो पुनः मेल न करें। फोटो क्लियर होनी चाहिए और कोलार्ज/सेल्फी फोटो न भेजे।

"**युवा वाहिनी**" के अंतर्गत परमपूज्य आचार्यप्रवर की यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा युवा साथी अधिक ये अधिक सहभागी बने। आचार्यप्रवर की यात्रा सूरत से प्रस्थान कर मर्यादा महोत्सव हेतु भुज की ओर अग्रसर होने वाली है। सभी शाखा परिषदों से अनुरोध है कि यात्रा में आचार्यप्रवर की रास्ते की सेवा हेतु अपना रजिस्ट्रेशन इस लिंक https://abtyp.org/yuva-vahini-booking-form के माध्यम से करवावें। अधिक जानकारी हेतु राष्ट्रीय प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

**प्रभारी**
**नितेश कोठारी, 9367750695**

**सहप्रभारी**
**महेश परमार, 9892121205**

## प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार
## अप्रैल में पूज्यप्रवर की यात्रा सेवा

| परिषद् का नाम | राज्य |
| --- | --- |
| तेयुप अहमदाबाद | गुजरात |
| तेयुप कोपरखेरणे-मुंबई | महाराष्ट्र |
| तेयुप बांद्रा-मुंबई | महाराष्ट्र |
| तेयुप बीरगंज | नेपाल |
| तेयुप ऐरोली-मुंबई | महाराष्ट्र |





## अप्रैल माह में विभिन्न शाखा परिषदों द्वारा प्राप्त चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा की जानकारी

| परिषद् | चारित्रात्मा | कि.मी. |
| --- | --- | --- |
| तेयुप राजाजीनगर | मुनिश्री पुलकितकुमारजी आदि ठाणा, साध्वीश्री पुण्ययशाजी आदि ठाणा, साध्वीश्री संयमलताजी आदि ठाणा, साध्वीश्री पावनप्रभाजी आदि ठाणा व साध्वीश्री सोमयशाजी आदि ठाणा | 155 |
| तेयुप एचबीएसटी | मुनिश्री पुलकितकुमारजी आदि ठाणा, साध्वीश्री पुण्ययशाजी आदि ठाणा, साध्वीश्री संयमलताजी आदि ठाणा, साध्वीश्री पावनप्रभाजी आदि ठाणा व साध्वीश्री सोमयशाजी आदि ठाणा | 143 |
| तेयुप जयपुर | मुनिश्री उदितकुमारजी आदि ठाणा, मुनिश्री तत्त्वरूचिजी आदि ठाणा, शासनश्री साध्वीश्री मधुरेखाजी आदि ठाणा व साध्वीश्री मंगलप्रभाजी आदि ठाणा | 104 |
| तेयुप गुवाहाटी | मुनिश्री डॉ. ज्ञानेन्द्रकुमारजी आदि ठाणा व मुनिश्री प्रशान्तकुमारजी आदि ठाणा | 75 |
| तेयुप अमराईवाड़ी ओढ़व | मुनिश्री पारसकुमारजी आदि ठाणा व साध्वीश्री पीयूषप्रभाजी आदि ठाणा | 60 |
| तेयुप दिल्ली | मुनिश्री उदितकुमारजी आदि ठाणा | 18 |










सत्कार

आचार्यप्रवर की सेवा में देश-विदेश से आने वाली युवा शक्ति के लिए चौका **''सत्कार''** की व्यवस्था ''मोबाईल हाऊस'' के रूप में निरंतर गतिशील है। इसमें रहने एवं भोजन सम्बन्धित सभी अपेक्षित संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही साथ युवकों में संस्कारों का संचार हो इसलिए रास्ते की सेवा के साथ-साथ गोचरी सम्बन्धित जानकारी भी प्रदान की जाती है। सत्कार में कोई भी परिषद् या परिवार एक माह की सेवा ले सकता है, इसके लिए अनुदान 2,50,000/- प्रति माह रखा गया है। 15 दिन हेतु 1,25,000/- और 7 दिन हेतु 75,000/- के अनुदान द्वारा भी सत्कार सेवा का लाभ लिया जा सकता है। उस माह के अंतर्गत संबंधित अनुदानदाता का बैनर लगाया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| संदीप डागा, 9831058450 | गौतम बाफना, 9327916676 |

**अप्रैल मार्च माह सहयोगी अभातेयुप मुंबई परिवार**

ATJH

Acharya Tulsi Jain Hostel

किशोर एवं युवा जो शिक्षा के लिए अपने घर से दूर अन्य शहर/क्षेत्र में रहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की शिक्षा निर्बाध रूप से चले एवं दैनिक आवश्यकताओं की सुगमता हेतु अभातेयुप द्वारा सर्वसुविधायुक्त **''आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल''** की श्रृंखला देशभर में प्रदान की जा रही है। हॉस्टल में किचन, स्टडी रूम, योगा/प्रेयर रूम, डाइनिंग, हॉल, जिम आदि की सुविधायें होंगी। अहमदाबाद, बैंगलोर, दिल्ली, कोलकाता, कोटा एवं दोंडाइचा में हॉस्टल संचालित हो रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|---|---|
| संदीप हिंगड़ | संदीप ओस्तवाल | सुमित कोठारी | विकास कोठारी | विशाल आंचलिया |
| 9829297100 | 9414184850 | 9830788860 | 9892947168 | 9392468909 |

## संचालित आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल

| | |
|---|---|
| Ahmedabad (Girls) | Sardar Patel Colony, Opp. Regenta Hotel, Near Girish Cold Drink Cross Road, Navrangpura, Ahmedabad (Gujarat) M.: 9374986950, 9429628380, 9409514619, 8980037000 |
| Bangalore | 1934, 13th Cross, Railway Pipeline Ext., Hampinagar, Bangalore-560040 (Karnataka), M.: 8892771749, 9380260206, 9902023187, 9900107407 |
| Delhi | Terapanth Bhawan, A-875, TYP Floor, Shastri Nagar, Delhi-110052, M.: 9873447932, 9899075762, 9870466552, 9990992348 |
| Kolkata | TYP Tollygunge House, 25/97, Rajendra Prasad Colony (Prince Golam Md. Shah Road), Golf Green, Tollygunge, Kolkata-700095 (W. B.), M.: 9830788860, 9088011111, 8100110111 |
| Kota | 1 D22, Talwandi, Kota-324005 (Rajasthan), M.: 9251437108, 9783655036, 982952564, 9413007336 |
| Donadaicha (Girls) | Ahimsa Campus, Dhule Road, Dondaicha-425408 (Maharashtra), M.: 8655690391 |

## आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल शुभारम्भ-जयपुर (05 अप्रैल 2025)









अभातेयुप जीवनदायी दवाईयों को सुलभ मूल्यों पर उपलब्ध करवाकर एक और मानव सेवा का महान कार्य कर रही है। इस उपक्रम का नाम है– **''आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स''**। आपने क्षेत्र में मानव सेवा के इस प्रकल्प को शुरू करने के लिए संपर्क करें:-

प्रभारी **विकास बोथरा, 9933773417** सहप्रभारी **अमित दक, 9620696106**

### देशभर में संचालित आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स से प्राप्त अप्रैल माह की रिपोर्ट

| Medical Name | Patients | Medical Name | Patients |
|---|---|---|---|
| Bardoli (2 Centres) | 12236 | Daulatgarh | 533 |
| Puzhal & Redhills-Chennai (2 Centres) | 2942 | Vijaynagar | 500 |
| Purvanchal-Kolkata | 2666 | Surat | 288 |
| Gandhinagar-Bangalore | 767 | Ahmedabad | 48 |
| | | **Total** | **19980** |

